







### प्रशिक्षण में किसानों को बताए मधुमक्खी पालन के तरीके

**नवभारत सीहोर.** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा नेशनल बी कीपिंग हनी मिशन के तहत स्थित आरएके कॉलेज में दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने किया. कार्यक्रम में लगभग 300 किसानों को मधुमक्खी पालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया. कार्यक्रम में किसानों को मधुमक्खी पालन, उनका जीवन चक्र, आर्थिक महत्व सहित अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई. साथ ही पैकेजिंग, विपणन, मधुमक्खी के छत्ते एवं कॉलोनियों के रख-रखाव के बारे में भी बताया गया. सेमिनार में डॉ. मोह मद यासीन, डॉ राजेश वर्मा, डॉ.दीपक कुशवाहा, डॉ आरके धाकड़ सहित अन्य अधिकारी एवं विशेषज्ञ उपस्थित थे.



### मानव श्रृंखला बनाकर दिया नशामुक्ति का संदेश

**नवभारत बिलकिसगंज.** जिले के बिलकिसगंज थाना अन्तर्गत द्वारा नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर मानव श्रृंखला बना कर जागरुकता संदेश दिया गया. एसडीओपी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा बिलकिसगंज कस्बे में नशा मुक्ति अभियान के दौरान राहगीरों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी व जन संवाद किया गया एवं नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया. सभी को नशा न करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शपथ दिलवाई गई. पम्पलेट व पोस्टर का वितरण किया गया, नशा मुक्ति हेतु मानव श्रृंखला बना कर जागरुक किया गया. साथ ही ऑटो, बस पर पम्पलेटलेट चस्पाकर लोगों को जागरुक किया. इस दौरान थाना प्रभारी संदीप सिंह मीणा, प्राची राजपूत, सलीम खान, राजेश चौहान, योगेश जाटव शामिल थे.



### लोगों को बताया नशा एक सामाजिक बुराई है इससे बचें

**नवभारत आष्टा.** पार्वती थाना द्वारा नशामुक्ति जन जागरुकता अभियान के अंतर्गत बायपास के आसपास लोगों को नशे के दुष्परिणाम बताकर जागरुक किया गया. पार्वती थाना प्रभारी द्वारा नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम के दौरान लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताते कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है. इससे दूर रहना चाहिए. नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया. आसपास के क्षेत्र के लोगों को नशा न करने के लिए प्रोत्साहित करने शपथ दिलाई गई. पम्पलेट व पोस्टर का वितरण किया गया. नशामुक्ति हेतु लघु वीडियो, क्लिप, रील दिखाकर जागरुक किया. इस दौरान बस, ऑटो, रिक्शा चालकों को समझाइश दी.



### जांच उपरांत कुष्ठ रोगियों को वितरित की दवाईयां

**नवभारत सीहोर.** राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रवर्तित समर्पण फाउंडेशन के तत्वाधान में कुष्ठ रोगी केन्द्र के मुगिसपुर में कुष्ठ रोगियों एवं अन्य सामान्य रोगियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. शिविर में मोबाईल क्लीनिक वैन के साथ डॉक्टर एवं स्टाफ ने मुगिसपुर के कुष्ठ रोगियों सहित 200 से अधिक रोगियों के स्वास्थ्य का परिक्षण कर नि:शुल्क दवाईयों का वितरण किया गया.

# सांठगांठ! कई केन्द्रों पर तुल रही अमानक मूंग

## कोसमी के एक वेयर हाउस पर सर्वेयर का पैसे लेते वीडियो वायरल, वासूदेव में भी मिली अमानक मूंग



**सीहोर.** समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में अनियमितता के मामले सामने आने पर एसडीएम ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया.

नवभारत न्यूज

**सीहोर. जिले में इन दिनों समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीदी चल रही है. इस दौरान जहां कई सेंटरों पर शांतिपूर्ण तरीके से खरीदी की जा रही है तो वहीं कई सेंटरों पर धांधली शुरू हो गई है. एक मामले में रेहटी के कोसमी में एकसर्वेयर द्वारा किसानों से पैसे लेने का एक वीडियो सामने आया है. एक अन्य मामले में वासूदेव में अमानक मूंग खरीदी की शिकायत सामने आने पर अधिकारियों द्वारा वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया है.**

- **रेहटी के नित्या वेयर हाउस पर सर्वेयर ले रहा था पैसे**
- **वासूदेव के वेयर हाउस पर भी अमानक मूंग खरीदी का आरोप**

जिले में मूंग उपार्जन का काम जारी है. समर्थन मूल्य पर मूंग का विक्रय करने के लिए इस साल 83 हजार 881 हेक्टेयर रकबे में 33 हजार 82 किसानों ने पंजीयन कराया है. 7 जुलाई से मूंग की खरीदी शुरू होना थी, लेकिन यह एक सप्ताह बाद 14 जुलाई को शुरू हो सकी है. 29 जुलाई तक 26 हजार 606 किसान मूंग बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग करा चुके हैं. केंद्रों पर उपार्जित मूंग की लिमिट बढ़ाए जाने से ट्रैक्टर-ट्रालियों की लाईन लगी हुई है. किसानों को मूंग बेचने के लिए रतजगा करने को मजबूर होना पड़ रहा है और जब नंबर आता है तो ट्राली रिजेक्ट कर देते हैं. ऐसे में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. जैसे-जैसे मूंग का उपार्जन हो रहा है, उपार्जन केंद्रों पर सख्ती के साथ सांठगांठ की भी शिकायत सामने आ रही हैं.

ऐसा ही एक वायरल वीडियो चर्चाओं में बना है.यह वीडियो रेहटी तहसील के कोसमी स्थित नित्या वेयर हाउस का है. नित्या वेयर हाउस को मूंग खरीदी का सेंटर बनाया गया है और यहां पर किसानों से सर्वेयर पैसे ले रहा है.

वायरल वीडियो में पैसों के लेन-देन की चर्चाएं हैं तो एक मोबाइल नंबर 9238607716 का भी जिक्र है. जब इस नंबर पर फोन लगाया गया तो यह नंबर राजस्थान का बताया जा रहा है एवं कोई ऑनलाइन संचालक से संबंधित है. वायरल वीडियो में सर्वेयर पैसों के लिए नंबर देते हुए सुनाई दे रहा है. कृषि विभाग के एडीए अनिल जाट से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि हमारे पास अभी तक ऐसा कोई वीडियो नहीं आया है. यदि गड़बड़ी हो रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी एवं कार्रवाई भी की जाएगी

### शिकायत के बाद अधिकारियों ने किया निरीक्षण

शनिवार को एक किसान ने भेरूंदा के वासुदेव स्थित रामानंद वेयरहाउस पर अमानक मूंग तुलने की शिकायत प्रशासन से की थी. शिकायत सामने आने के बाद जांच दल ने वेयर हाउस का दौरा किया. बताया जाता है कि जांच के दौरान 1800 बोरी अमानक मूंग पाया गया. मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम द्वारा समिति प्रबंधक, गोदाम मालिक और सर्वेयर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अमानक मूंग के संबंध में स्पष्टीकरण देने के लिए तीन दिन का समय दिया है. जांच में यह भी सामने आया कि मानक मूंग की जगह अमानक मूंग खरीदी जा रही है. गोदाम के भौतिक सत्यापन में मूंग की बोरियों और ऑनलाइन बिलिंग में भी अंतर मिला है. इससे पहले भी भैरूंदा तहसील के एक वेयर हाउस में पड़ोसी हरदा जिले के व्यापारी का मूंग लेकर आए ट्रक को राजस्व अमले द्वारा जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया था. अब फिर कोसमी और वासूदेव के वेयर हाउस में हो रही गड़बड़ी ने खरीदी केन्द्रों के कर्मचारियों और कतिपय किसानों की मिलीभगत को उजागर कर दिया है.

### मानक स्तर की मूंग को भी कर रहे रिजेक्ट

क्षेत्र में मूंग तुलाई को लेकर किस तरह की धांधली की जा रही है यह कई किसान खुले शब्दों में कह रहे हैं. चांदाग्रहण के एक किसान बताया कि वासुदेव स्थित रामानंद वेयर हाऊस पर वह अपनी मूंग विक्रय करने के लिए तीन दिन से लाइन में लगा था. नंबर आने के बाद सर्वेयर और गोदाम मालिक ने ग्रेडिंग नहीं कराई और ट्राली रिजेक्ट कर दी. किसान का कहना था कि अमानक तय करने से पहले मूंग की ग्रेडिंग तो कर ली जाए, लेकिन न सर्वेयर ने उसकी बात सुनी और न ही गोदाम मालिक ग्रेडिंग के लिए तैयार हुए. नतीजतन किसान को वापस लौटना पड़ा.

### व्यवस्था के संबंध में ली एसडीएम ने बैठक



**बुधनी.** एसडीएम दिनेश सिंह तोमर द्वारा मूंग उपार्जन व्यवस्था के संबंध में वेयरहाउस संचालक, सर्वेयर, एजेंसी प्रतिनिधि और समिति प्रबंधकों की बैठक ली गई. एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो और उपार्जन के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो. उपार्जन केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं पहले से ही पूर्ण कर ली जाएं. बैठक में उन्होंने वेयरहाउसों में संग्रहण की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि भंडारण की क्षमता एवं सुरक्षा व्यवस्था की पहले ही जांच सुनिश्चित कर ली जाए. इसके साथ ही उन्होंने सर्वे एजेंसियों को वास्तविक उपज आंकलन में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए गए.

बैठक में उन्होंने समिति प्रबंधकों को किसानों के सत्यापन, तुलाई, भुगतान और रिकॉर्डिंग की प्रक्रिया बेहतर ढ़ंग से संचालित करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा तय की गई समय सीमा में उपार्जन का कार्य पूर्ण हो, ताकि किसानों को समय पर भुगतान मिल सके और फसल का संरक्षण सुनिश्चित हो.

## पांच दिन बाद भी पता नहीं, कहां का है यूरिया

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** जिले में यूरिया की किल्लत चल रही है वहीं दूसरे जिले में चोरी से यूरिया भेजा जा रहा है. यूरिया की 328 बोरी हरदा की टीम ने पकड़ी हैं. पांच दिन बीतने के बाद भी अब कृषि विभाग अब तक यह पता नहीं लगा पाया कि यह यूरिया हरदा तक कैसे पहुंचा और कहां से भेजा गया है.

बिना अनुमति 328 बोरी यूरिया ले जाते ट्रक पकड़ाने के मामले में शनिवार को छीपाबड़ थाने में केस दर्ज हुआ है. यूरिया सीहोर जिले के मेवाड़ा कृषि सेवा केंद्र से बैतूल के दामजीपुरा बिना अनुमति भेजा था. केस में बैतूल जिले के दामजीपुरा निवासी आयशर ट्रक के ड्राइवर ऋतिक प्रजापति व क्लीनर विपिन सोनारे के नाम शामिल हैं. बता दें कि हरदा जिले के कृषि विभाग की टीम ने मोरगढ़ी नाके के पास मंगलवार रात 11 बजे यूरिया की बोरी से भरे ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 8001 को ग्रामीणों की सूचना पर पकड़ा था. इस संबंध में हरदा के डीडीए जेएल कास्दे ने सीहोर डीडीए अशोक उपाध्याय से जानकारी मांगी थी, लेकिन उसमें चालक ऋतिक व क्लीनर विपिन को यूरिया देने का रिकॉर्ड नहीं मिला। इससे साफ पता चलता है कि अधिकारी जांच की खाना-पूर्ति भर कर रहे हैं.


डीडीए अशोक उपाध्याय ने बताया कि हरदा जिले में कोई गाड़ी पकड़ी है.चालक ने बयान दिया कि वह यूरिया सीहोर से लेकर आया था. हमने सीसीटीवी फुटेज चेक कराए हैं, लेकिन ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है.

## सुबीर को मिला धर्मवीर भारती शताब्दी सम्मान

**सीहोर.** गत दिवस जयपुर में साहित्यकार पंकज सुबीर को धर्मवीर भारती शताब्दी सम्मान से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन राही सहयोग संस्थान के द्वारा किया गया था. जिसमें लघुकथा केन्द्र जयपुर और राजस्थान प्रोढ़ शिक्षा समिति भी सहयोगी थे. आयोजन के पहले सत्र में लघुकथा पाठ और कविता पाठ किया गया. दूसरे सत्र में किताब का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनीषा कुलश्रेष्ठ, दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, नरेश दधिचि, पारूक आफरीदी, विनोद भारद्वाज और नंद भारद्वाज, कविता मुखर, साकार श्रीवास्तव, राजेन्द्र बोड़ा सहित के साथ साहित्यकार एवं अनेक पाठक उपस्थित थे.

## 13 फीट लंबे घायल अजगर का किया रेस्क्यू

- **ग्राम महूंकला के खेत में नजर आया अजगर, मची दहशत**
- **सर्पमित्र अशोक पारे ने घायल अजगर का किया सफल रेस्क्यू**



नवभारत न्यूज

**बुधनी.** वन परिक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम महूंकला में सुनील मीना के खेत में बने पोखर में विशालकाय अजगर को देखकर ग्रामीणों में दहशत पैदा हो गई. अजगर होने की जानकारी वन विभाग और सर्प मित्र अशोक पारे को दी गई.

मौके पर पहुंचे सर्प मित्र अशोक पारे और वन विभाग की टीम ने करीब 13 फीट ल बे अजगर को पोखर से बाहर निकाला तो देखा कि अजगर की पूंछ में चोट आई थी जिसे रेस्क्यू टीम ने पशु चिकित्सालय पहुंचाया गया. जहां घायल अजगर का पशु चिकित्सक और उनकी टीम द्वारा इलाज किया गया और घायल अजगर को वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है.

सर्प मित्र अशोक पारे ने बताया अजगर काफी उम्रदराज है और उसकी लंबाई लगभग 13 फीट है. जो घायल अवस्था में मिला था पशु चिकित्सकों ने अजगर का इलाज किया है. अजगर को कुछ दिनों तक निगरानी में रखा गया और फिर उसे जंगल में वापस छोड़ दिया जाएगा. गौरतलब है कि सर्पमित्र अशोक पारे द्वारा अब तक अनेक सांपों की जिंदगी बचाई है.

### नुक्कड़ नाटक में दिया नशा मुक्ति का संदेश

**श्यामपुर.** थाना अन्तर्गत नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कस्बे में आमजन के मध्य नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया. जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी संध्या मिश्रा द्वारा नशामुक्ति जन जागृति कार्यक्रम नशे से दूरी है जरूर के अन्तर्गत बस स्टैंड श्यामपुर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. नाटक द्वारा मुख्य रूप से समाज में बढ़ रहे नशे के प्रचलन के कारणों के संबंध में चर्चा की गई. साथ ही नशे से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया गया. नशामुक्ति संबंधी पोस्टर व पम्पलेट का वितरण किया गया एवं हेल्प लाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी गई.

## ओवरलोड मिले ऑटो चालकों पर की कार्रवाई



नवभारत न्यूज

**सीहोर.** इन दिनों शहर में श्रावण मास को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है. ऐसे में कई ऑटो चालक क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर उनकी जिंदगियों को दांव पर लगा रहे हैं. रविवार को यातायात प्रभारी द्वारा अनेक ओव्हरलोड ऑटो पकड़े और चालानी कार्रवाई की गई.

यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में राजमार्ग पर यातायात पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया. इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई.

यातायात पुलिस द्वारा अवैध रूप से बिना परमिट हाईवे पर चल रहे सवारी ऑटो, क्षमता से अधिक सवारी भरकर ऑटो चला रहे वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए लगभग 50 सवारी ऑटो को चेक किया गया. जिसमें से दस्तावेज संबंधी एवं अन्य कमियां पाई जाने पर 17 सवारी ऑटो पर चालानी कार्यवाही की गई.

## डीपीसी के निरीक्षण ने खोली स्कूलों की कलई

**सीहोर.** जिले के अधिकांश स्कूलों में शिक्षक समय पर स्कूल ही नहीं पहुंच रहे हैं. कई जगह तो शिक्षक स्कूल जाते नहीं है. इसका प्रमाण डीपीसी आरआर उईके के निरीक्षण के दौरान सामने आया. गत दिवस लोहा पठार की शाला के निरीक्षण के दौरान चौकाने वाली स्थिति सामने आई. यहां प्राथमिक शाला के दो शिक्षक और माध्यमिक शाला के दो अतिथि शिक्षक अनुपस्थित थे.

गौरतलब है कि डीपीसी आरआर उईके शनिवार को दोपहर 12.40 बजे शासकीय माध्यमिक शाला लोहा पठार का निरीक्षण करने पहुंचे. निरीक्षण के समय कक्षाएं संचालित थीं. लेकिन विद्यालय में नियमित दो शिक्षक रजनी रायकवार और रामचंद्र वर्मा अनुपस्थित थे. वहीं एक अतिथि शिक्षक प्रखर कामवार भी अनुपस्थित मिला. डीपीसी उईके ने बताया कि यहां कक्षाएं तो संचालित थीं लेकिन विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर भी ठीक नहीं था.


**कार्यालय अधीक्षक सब जेल नसरुल्लांगज, जिला सीहोर**
**ई-मेल आईडी : jsnasrullahganj@mp.gov.in**

क्रमांक 580/निविदा/2025 — नसरुल्लांगज, दिनांक 16/7/2025

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

**वर्ष 2025-2026 (तृतीय आमंत्रण)**

म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 एवं म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 के अंतर्गत सब जेल नसरुल्लांगज में परिरुद्ध बंदियों हेतु वर्ष 2025-2026 में लगने वाली स्वच्छता सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु निविदाएं ई-टेंडरिंग पद्धति (online system) के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं. समस्त जानकारी वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती हैं.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्री-बिड मीटिंग की तिथि | दिनांक 10/6/2025 को समय प्रात: 12 बजे | कार्यालय सब जेल नसरुल्लांगंज पर नियत समय पर होगी. |
| 2. | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि (निविदा फार्म का मूल्य 1000 रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाइन महालेखाकार ग्वालियर म.प्र. शीर्ष 0056, जेलें-800 अन्य प्राप्तियां में जमा की जावेंगी, यदि निविदा की कुल रकम 5.00 लाख से कम हो तो निविदा फार्म क्रय की राशि 500/- प्रति फार्म देय होगी. | दिनांक 4/8/2025 समय दोपहर 12 बजे तक | वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है. |
| 3. | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | दिनांक 4/8/2025 समय दोपहर 2 बजे तक | www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन स्वीकार की जावेगी. |
| 4. | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 4/8/2025 को शाम 5 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरुल्लांगंज पर जमा करें. |
| 5. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की ऑनलाइन तिथि एवं नमूना परीक्षण की तिथि | दिनांक 4/8/2025 को समय दोपहर 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरुल्लांगंज में तकनीकी निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी. |
| 6. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 5/8/2025 को समय दोपहर 12 बजे | कार्यालय अधीक्षक, सब जेल नसरुल्लांगंज पर वित्तीय निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी. |

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (online system) क्रेडिट कार्य या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किए जा सकते हैं. निविदा एवं उससे संबंधित समस्त जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें. निविदा के संबंध में किया जाने वाला कोई भी संशोधन संबंधित वेबसाइट पर किया जावेगा. जिसका प्रकाशन पृथक से समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा.

**सहायक जेल अधीक्षक**
**सब जेल नसरुल्लांगंज, जिला सीहोर**

G15925/25


**मौसम** — सावन महीने के दस दिन में बरसा केवल 99 .8 एमएम पानी

# बादलों की चुप्पी से किसान चिंतित, सूख चले खेत



नवभारत न्यूज

**सीहोर.** इस साल भले ही पिछले साल से ज्यादा बारिश हो चुकी हो, लेकिन खास बात यह है कि सावन महीने के पिछले 10 दिनों में मात्र 99.8 मिमी ही बारिश हुई है. पिछले तीन दिनों से तो जिले में कहीं भी बारिश नहीं हुई. ऐसे में खेतों से नमी खत्म हो रही है और मिट्टी में दरारें पड़ने लगी हैं. इसका सीधा असर सोयाबीन की फसल पर पड़ने लगा है और सोयाबीन के पत्ते पीले होने लगे हैं.

हालांकि मौसम विभाग अगले 24 घंटे में हल्की बारिश की संभावना जता रहा है. अब तक जिले में 449.7 मिमी औसत बारिश रिकार्ड की गई है, जबकि पिछले साल अब तक जिले में 318.6 मिमी औसत बारिश रिकार्ड हुई थी. वहीं रविवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री बढ़कर 32 डिग्री पर पहुंच गया है. न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस रहा. इस बार मानसून समय से पहले आया और आषाढ़ महीने में ही तेज बारिश हुई. 11 जुलाई से सावन का महीना शुरू हुआ. ऐसे में 20 जुलाई तक जिले में मात्र 99.8 मिमी औसत बारिश हुई थी, लेकिन यदि हम पिछले साल की तुलना करें तो इस अवधि में यानी कि 11 जुलाई से 20 जुलाई तक कुल 109.2 मिमी औसत बारिश हो चुकी थी. पिछले तीन दिन से तो जिले में बारिश ही नहीं हुई है. तेज धूप से मिट्टी की नमी सूखती जा रही है. हालांकि मौसम विभाग ने किसानों को डोरे चलाने की सलाह दी है.पिछले साल के मुकाबले इन दिनों तापमान में कमी बनी हुई है. पिछले साल 20 जुलाई को अधिकतम तापमान 32.5 और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री था. यानी कि बादल छाए थे। लेकिन इस बार 20 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री कम है. मौसम साफ होने से रात के तापमान में गिरावट है. मौसम विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि बादल छाए हुए हैं. इसके कारण फसलों पर कीटों का प्रकोप बढ़ सकता है.



### दिव्यांगजनों ने सांसद शर्मा को सौंपा ज्ञापन

**सीहोर.** दिव्यांग कल्याण एवं विकास परिषद ने दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर सांसद आलोक शर्मा को ज्ञापन सौंपा. इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीताराम यादव आदि उपस्थित थे.

ज्ञापन में मांग की गई कि दिव्यांगजनों को वर्तमान में दी जा रही पेंशन 600 रुपए से बढ़ाकर 5 हजार रुपए किया जाए. जिले के दिव्यांगों का सर्वे कराकर उन्हें शैक्षणिक योग्यता अनुसार रोजगार प्रदान किया जाए.